हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 24 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

13 अक्षत कलश की निकाली शोभायात्रा



14 चीचा पहुंचा संकल्प यात्रा का रथ





**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल:-76972-12782

## खबर संक्षेप

### चन्दखुरी में गुरु घासीदास जयंती महोत्सव आज

**अंडा।** ग्राम चन्दखुरी में परमपूज्य संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा की 267 वीं जयन्ती 24 दिसंबर को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम प्रातः प्रातः 9 से प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे मड़ई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग, रायपुर स्वर किसन सेन की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन करेंगे।

### ग्राम पेंवरो में 28 से क्रिकेट स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम पेंवरो में सुभाष क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 28 से 31 दिसम्बर तक चार दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष हलेश सिवाने ने बताया कि प्रथम पुरुस्कार 6024 रुपये, दितीय 4024 रुपये एवं तृतीय 2024 रुपये है। 31 दिसम्बर की रात छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम सोनहा बादर चिटौद पुरुर का अयोजन किया गया है।

### कोविड-19 : स्वास्थ्य विभाग बरत रहा सावधानी

# कोरोना के मामले बढ़े, अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कोविड–19 संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि वर्तमान में जिले में कोरोना संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है, लेकिन आसपास के अन्य प्रदेशों में कोरोना संक्रमण बढ़ते क्रम पर है वहीं प्रदेश में भी संक्रमण का ताजा मामला सामने आने शुरू हो चुका है। ऐसे में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने कोरोना संक्रमण से बचाव और सावधानी बरतने अलर्ट जारी कर दिया है। जिले में रोजाना 100 लोगों की कोरोना जाँच करने का आदेश जारी हुआ है। रोज 100 लोगों का कोरोना जांच जिले के ब्लाक मुख्यालयों में स्थित शासकीय अस्पतालों में किया जाएगा, वहीं जिला मुख्यालय में स्थित जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में रोजाना 30 लोगों का कोरोना जांच करने का आदेश दिया गया है। हालांकि जांच के लिए कहीं विशेष रूप के शिविर लगाने का आदेश अभी जारी नहीं हुआ है, केवल अस्पतालों में ही जाँच करने का आदेश है। आपको बता दें कि वर्ष 2020 के मार्च महीने से कोरोना संक्रमण ने जिले में दस्तक दिया था, जिसके कारण दो साल तक जिलेवासी इससे प्रभावित हुए। करीब 500 लोगों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हुई थी, जबकि 30 हजार से अधिक लोग संक्रमण का शिकार हुए थे।

**खास बातें**
- जिला अस्पताल में प्रतिदिन कम से कम 30 सैंपलों की जांच
- विगत वर्षों में जिले में 30 हजार लोग हुए थे संक्रिमत, 500 की गई थी जान




### कोविड–19 से बचाव के लिए प्रदेश स्तर से 7 बिंदुओं पर आदेश

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी 7 महत्वपूर्ण बिंदुओं में कोविड–19 को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिसमें जिले में कोविड–19 की पर्याप्त संख्या में जाँच किया जावे, जहां तक संभव हो जाँच आरटी–पीसीआर विधि से ही किया जावे। आरटी–पीसीआर जाँच में धनात्मक आने वाले प्रत्येक सैंपल को एम्स रायपुर भेजा जावे, जिससे नये वैरिएंट की पहचान की जा सके।

### अस्पताल में तैयारियों के निर्देश

जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में कोविड–19 की उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियों के आँकलन के लिए मॉकड्रिल किया जाए, समुदाय में कोविड–19 से बचाव हेतु कोविड अनुरूप व्यवहार के संबंध में जन–जागरूकता एवं प्रचार प्रसार किया जाए, सहित अन्य बिंदुओं पर सावधानी बरतने आदेश जारी किया गया है।

जिला मुख्यालय के गंजपारा की घटना

# पाइप फूटी, सड़क पर बहता रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- दूसरे दिन घरों तक नहीं पहुंचा नल से जल

जिला मुख्यालय के गंजपारा में सड़क किनारे नाली निर्माण के लिए खुदाई करने के दौरान शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप फूट गई। इसके कारण करीब डेढ़ घंटे तक पानी सड़क पर ही व्यर्थ बहता रहा। हालांकि इसकी जानकारी पालिका प्रशासन को लगते ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई, लेकिन अगले ही दिन शनिवार को गंजपारा और जवाहरपारा पारा के कुछ वार्डो में वार्डवासियों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा, जिसकी शिकायत के बाद पालिका प्रशासन ने पानी के टैंकर के माध्यम से वार्डवासियों के घरों तक पानी पहुंचाया।

दरअसल जिला मुख्यालय से गुजरने वाली नेशनल हाईवे 930 का निर्माणकार्य जारी है। शहर में सड़क किनारे नाली का निर्माण करने जेसीबी के माध्यम से खोदाई की जा रही है। ऐसे में ठेकेदार की लापरवाही के कारण जेसीबी मशीन ने पालिका प्रशासन द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन को तोड़ दिया। उसके बाद पीने का पानी सड़क पर ही व्यर्थ बह रहा था। कुछ समय बाद पालिका की टीम ने टूटे हुए पाइप की मरम्मत की। इधर शनिवार को सुबह वार्ड क्रमांक 11 अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में वार्डवासियों के घरों में पानी नहीं पहुंचा, जिसके बाद वार्डवासियों ने शिकायत की तब पालिका प्रशासन ने टैंकर के माध्यम से वार्डवासियों को पीने का पानी उपलब्ध करवाया।



### एनएच बनाने में कई बार लापरवाही

आपको बता दें कि ग्राम झलमला से शेरपार तक बन रहे नेशनल हाईवे 930 मार्ग में ठेकेदार द्वारा लगातार लापरवाही बरतने की शिकायत सामने आ रही है। लापरवाही की वजह से शहर में पाइपलाइन टूटने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अन्य जगहों में पाइपलाइन टूट चुकी है, जिसे बनाने के लिए काफी समय भी लगा, वहीं निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइन चोरी की घटना भी सामने आई थी। यह मार्ग नाली निर्माण के साथ बिजली पोल शिफ्टिंग और सर्विस रोड भी पूरी तरह से बनकर कब तक तैयार होगा इसकी स्पष्ट जानकारी जिम्मेदार विभाग भी नहीं बता पा रहे हैं।

## आलबरस में घासीदास जयंती व मड़ई कल

**अंडा।** समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी आलबरस के तत्वावधान में गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व एवं मड़ई का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम जय स्तंभ चौक में होगा। इसमें पंथी नृत्य - सत के अंजोर पंथी पार्टी रंगकठेरा, गुण्डरदेही, पूजा 12 बजे से, कलश यात्रा 2 बजे से शुरू होगी। वहीं शाम 4 बजे ध्वजारोहण होगा। रात 10 बजे लोक लहर रिकार्डिंग डांस संस्था मुनगाडीह, जिला-मोहला की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम मेंललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अध्यक्षता पी.एल. चेलक एवं बी.आर पंथी पितामह लेखक एवं गायक, विशेष अतिथि आशा बाई देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, देवेन्द्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, झमित गायकवाड, जपनद उपाध्यक्ष, रुपेश देशमुख, जनपद सदस्य, हेमंत देशमुख उपसरपंच आलबरस, डॉ.डी मारकण्डे, डॉक्टर निकुम, शेषनारायण चंद्रवंशी पंचायत सचिव, धरम दास देशलहरे सेवा नि.निरक्षक, लक्ष्मण देशमुख भाजपा कार्यकर्ता, पुलिस संघ ग्रुप एवं युवा मितान क्लब आलबरस व आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।

## बच्चों को सांताक्लाज की ड्रेस में भेजने का फरमान

**गुरूर।** निजी स्कूल में बच्चों को सांता क्लास के यूनिफार्म में अनिवार्य रूप से आने के आदेश के बाद पालक बिफर गए। मामला विश्व हिन्दू परिषद् व हिन्दू संगठनों के पास पहुंच गया। वहीं, पालकों के विरोध के बाद विद्यालय प्रबंधन को अपना निर्णय बदलना पड़ा। नगर के एक निजी विद्यालय ने पालकों को वाट्सएप के माध्यम से सूचना भेजी कि क्रिसमस के पर्व के लिए सभी बच्चे शांता क्लास यूनिफार्म पहनकर विद्यालय आएं। विद्यालय प्रबंधन शीतकालीन अवकाश के पहले विद्यालय में क्रिसमस उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा था। शिक्षक के निर्देश के बाद पालकों ने इस अनिवार्यता के खिलाफ आवाज उठाई। पालकों ने कहा कि जब विद्यालय में 99 प्रतिशत हिन्दू के बच्चे पढ़ते है, तो जबरदस्ती इस प्रकार का आदेश जारी करना हमारी भावनाओं को आहत करने वाला है। पालकों ने इसकी शिकायत विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के साथ ही अन्य हिन्दू संगठनों से की। मामले मे गंभीरता को देखते हुए हिन्दू संगठनों के सदस्यों ने पालकों के साथ विद्यालय जाकर इस अनिवार्यता का विरोध किया एवं इसे हिन्दुओं की भावना का आहत करने वाला बताते हुए निर्णय बदलने की मांग की। पालकों व हिन्दू संगठनों से चर्चा करने बाद अंततः विद्यालय प्रबंधन ने शांता क्लास के ड्रेस की अनिवार्यता को खत्म कर इसे ऐच्छिक कर दिया। हिन्दू संगठनों ने इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से भी की।

हरिभूमि **पाठक सूचना**
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### ग्राम भेड़ी में लगा एक दिवसीय योग शिविर

**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक शाला ग्राम भेडी में बच्चों के साथ एचडब्ल्यूसी के योगाचार्य तीरथ कुमार अटल के द्वारा निशुल्क योग शिविर कराया गया। शिविर में संकुल प्रभारी मोहित भौसार्य, धर्मेंद्र देशमुख, वनिता पटेल एवं समस्त बच्चों ने योग में भाग लेकर स्वस्थ रहने के गुर सीखे। इस दौरान सूक्ष्म व्यायाम से लेकर योग, प्राणायाम, योगिंग, जॉगिंग ,भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन, हास्यासन अनेक प्रकार के योग सिखाए गए। इसके साथ-साथ खान-पान रहन सहन पर विशेष चर्चा की गई। निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ करने के लिए बैग लेस डे पर पतंजलि योग परिवार जिला बालोद के तत्वावधान पर कराया गया।

### दुधली विद्यालय में हुआ 5 दिवसीय योग शिविर का समापन



**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दूधली में चल रहे 5 दिवसीय योग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। प्राचार्य डीएन यादव, योग प्रशिक्षक मिलन सिंह सिन्हा, वीर सिंह ठाकुर, गरिमा खोबरागड़े द्वारा प्रति दिन योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार कराया गया। योग में ग्रीवाचालन, कटी चालन, घुटना चालन, खड़े होकर किए जाने आसन में ताड़ासन, वृक्षसान, पाद हस्तासान, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन तथा बैठकर किए जाने वाले आसन में भद्रासन, अर्धउट्रासान, शशांक आसन, वक्रासन तथा उदर के बल लेटकर किए जाने वाले आसन में भुजंगासन, सलभाषण, मकरासन पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन में पवनमुक्तासन, शवासन कराया गया। प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, उज्जाई कराया गया। समापन अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्रीमती डीएन यादव ने कहा की बच्चों को सेहत को ठीक रखने के लिए प्रति दिवस योग करना चाहिए जिससे शरीर व मन स्वस्थ रहता है। प्रशिक्षक मिलन सिंह सिन्हा ने सभी बच्चों को योग को अपने जीवन में शामिल करने कहा।

### मोहलाई में क्रिकेट प्रतियोगिता 27 से

**बालोद।** ग्राम मोहलाई (पैरी) में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के द्वारा पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसम्बर से 31 जनवरी तक कराया जा रहा है। न्यू स्टार क्रिकेट क्लब ग्राम मोहलाई के सचिव तुकेश्वर साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये व तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं।

### पारिवारिक विवाद पर पति की सिलबट्टे से हत्या महिला को उम्रकैद

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में पति की सिलबट्टे मारकर हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने एक महिला को उम्रकैद तथा पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी की कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक मनोज वर्मा के मुताबिक कोर्ट ने मूलतः मध्यप्रदेश निवासी इंग्लेश्वरी धुर्वे को अपने पति उमेश धुर्वे की हत्या के आरोप में कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। इंग्लेश्वरी ने 18 अप्रैल 2022 को अपने पति की हत्या की है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिस महिला और उसका पति सरोरा में किराए के मकान में रहते थे। घटना के एक दिन पूर्व पति-पत्नी घर की छत में आपस में लड़ रहे थे। मौके पर बीच बचाव करने मकान मालिक पहुंचा और दोनों के बीच झगड़ा शांत कराकर दोनों को उनके कमरे में भेजा। इसके बाद घटना दिनांक को उमेश काम पर जाने घर से नहीं निकला, तो उसके साथी ने खिड़की से झांककर देखा, उमेश जमीन में चित लेटा हुआ था और उसकी पत्नी उसके चेहरे पर पानी छिड़क रही थी।

# मरकाटोला घाटी के पास दुर्घटना का कारण जानने पहुंची टीम, किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मरकाटोला घाटी के पास घटित सड़क दुर्घटना के मद्देनजर एनएचआई, पुलिस, परिवहन संयुक्त की टीम द्वारा घटनास्थल का किया गया, निरीक्षण दुर्घटना का वास्तविक कारणों को जानने एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय के संबंध में वास्तविक स्थिति को जानने के लिए किया गया। इस दौरान मरकाटोला घाट प्रारंभ से रंबल स्ट्रीप, साइन बोर्ड लगाने, आस–पास की झाड़ियों की सफाई कराने का निर्णय लिया गया है। 22 दिसंबर को बस एवं ट्रक में हुई भीषण सड़क दुर्घटना के मद्देनजर 23 दिसंबर को एनएचआई, पुलिस, परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना के वास्तविक कारणों को जानना एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए आवश्यक प्रयास किया जाना है। संयुक्त टीम के निरीक्षण के दौरान एनएचए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 विभाग से प्रबंधक तकनीकी धमतरी वैभव गोयल, इंजीनियर प्रकाश अग्रवाल, रोड़ ठेकेदार मेसर्स बारश्रीक रायपुर अरूण कुमार मिश्रा, पुलिस विभाग से अनुविभागीय अधिकारी गुरूर बोनीफॉस एक्का, निरीक्षक थाना प्रभारी पुरूर शिशुपाल सिन्हा, थाना प्रभारी गुरूर निरीक्षक भानुप्रताप साव, परिवहन विभाग से जिला परिवहन अधिकारी बालोद प्रकाश रावटे, जयप्रकाश साहू, रविकुमार साहू, तारेश हिरवानी, यातायात बालोद से सउनि सुंदर सिंह मंडावी, चेतन सोनकर, डिस्ट्रीक रोल आउट मैनेजर टिकेश्वर देशमुख शामिल थे।

## दुर्घटना रोकने किए जाएंगे विशेष उपाय, झाड़ियों की सफाई के साथ लगाए जाएंगे साइन बोर्ड



### मरकाटोला घाटी के आसपास लगाए जाएंगे रंबल स्ट्रीप

निरीक्षण में पाया गया कि दुर्घटना का वास्तविक कारण बस ड्रायवर द्वारा ओव्हर स्पीड़िग वाहन चलाने से दुर्घटना घटित हुई है। भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संयुक्त टीम द्वारा निर्णय लिया गया कि घटनास्थल मरकाटोला घाटी के प्रारंभ से नेशनल हाईवे अथारिटी द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार तीन से चार स्थानों में रंबल स्ट्रीप लगाएं जायेगा, जिससे ओव्हरस्पीडिंग में कमी लायी जा सके। घटनास्थल एवं आस–पास संकेतक बोर्ड, गति नियंत्रक बोर्ड लागये जाने का निर्णय लिया गया, साथ ही आस पास के झाड़ियों की साफ–सफाई भी किया जाना है। संयुक्त टीम के द्वारा एन एच–30 मार्ग में चिन्हांकित 03 ब्लैक स्पॉट जगतरा, बालोदगहन एवं चिटौद में जाकर ब्लैक स्पॉट का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किए जाने का निर्णय लिया गया है।

## स्पर्धा : सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में हुई दो दिवसीय प्रतिभा खोज स्पर्धा

# खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों दिखाई प्रतिभा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में दो दिवसीय प्रतिभा खोज स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस गुरुवार को अटल टिंकरिग लेब निर्मित विज्ञान माडल प्रदर्शनी एवं गणित मेला संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस खेल का उदघाटन करते हुए सेजस प्राचार्य राजेश पिल्लई ने खिलाड़ी भावना के साथ खेल खेलने की शपथ दिलाई।

विद्यालय में पूर्व प्राथमिक, मिडिल हाई हायर स्कूल स्तर खेल स्पर्धा में खो, खो, कबड्डी, योग, बैटमिंटन, कैरम, शतरंज, बालीवाल, मेढक दौड़, कुर्सी दौड़, 25 मीटर दौड़ गोली चम्मच, 50 मीटर दौड़, सुई धागा, फुगड़ी, लंबीकूद, ऊंची कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 80 मीटर बाधा, रस्सी छलांग बहन, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 100मीटर, 200 मीटर दौड़, त्रिकूद में बच्चों ने जमकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### बच्चों को होनहार बनाने संगति पर अलर्ट रहें माता-पिता

शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित दो दिवसीय खेल के समापन समारोह में प्रधानाचार्य पवन बंछोर ने कहा कि विद्यालय तो विद्यार्थियों को होनहार बनाने में हर संभव प्रयास कर रही है, किंतु पालकों के सहयोग बिना मंजिल कैसे मिलेगी। माता-पिता अच्छे हैं, बच्चा भी अच्छा है, लेकिन संगति अच्छी नहीं है, तब बच्चे का भविष्य कैसे निखर पाएगा। इस विषय पर माता-पिता को पूर्णतः गंभीर होना चाहिए, तब संतान को होनहार बनाने में माता पिता कामयाब हो पाएंगे। विजेता विद्यार्थियों को जनवरी 2024 में पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। संचालन छात्रा दीक्षा यदु व डिगेश्वरी चंद्राकर तथा आभार प्रदर्शन रोशनी साहू ने किया।



उक्त अवसर पर सेजस प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि जीवन की सफलतम ऊंचाइयों को प्राप्त करने में खेल महती भूमिका निभाती है। अनुशासन प्रिय संस्कारित शिक्षा को लक्ष्य बनाकर उत्कृष्ट समाज सेवा के भाव से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर 32 वर्षों से गौरवमय इतिहास की रचना करते आ रही है। जो दर्पण सा सबके सामने है। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि विद्यालय कम शुल्क में उच्च संस्कार युक्त शिक्षा के साथ बच्चो के वैज्ञानिक शारीरिक बौद्धिक सांस्कृतिक क्षमता को बढ़ाने का हर संभव प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। माता पिता उम्दा सहयोग करे तो निश्चित तौर पर अपेक्षा अनुरूप बच्चों का भविष्य संवारने में मदद मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल स्कूल में दाखिला दिलाकर कर्तव्य का इतिश्री समझ लेना हितकारी नही है। यह समाज द्वारा संचालित विद्यालय है पालक सतत संपर्क और निगरानी रखे बच्चों का होनहार बनना तय है।

## गायत्री परिवार ने नशामुक्ति पर दिया जोर



**बालोद।** नैतिक शिक्षा व नशा मुक्ति विषय पर गायत्री परिवार द्वारा शासकीय माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानी में कार्यक्रम रखा गया। गायत्री परिवार कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए, उगते सूर्य का ध्यान गायत्री मंत्र से करना चाहिए, जिससे हमारी बुद्धि सन्मार्ग की ओर प्रेरित होती है। माता-पिता व गुरुजनों को प्रणाम करना चाहिए, जिनके आशीर्वाद से हमारा जीवन उज्ज्वल बनता है। धरती माता को प्रणाम करना चाहिए, उषापान के रूप में एक–दो गिलास पानी पीना चाहिए जिससे हमारी पेट संबंधित विकार दूर होते हैं। स्नान करने के बाद योग व्यायाम आसन प्राणायाम कर भगवान की उपासना नित्य प्रतिदिन करनी चाहिए, जिसके परिणाम स्वरूप हमारे जीवन में शरीरबल, आत्मबल, मनोबल में वृद्धि होती है, व्यक्तित्व प्राणवान, ज्ञानवान बनता है। अपने मित्रों के चयन करने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि मित्र ही हमारे सन्मार्ग व कुमार्ग पर ले जा सकते हैं।

# एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा के विद्यार्थियों ने देखा शक्कर कारखाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा


20 दिसंबर को शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा में संस्था के प्राचार्य राजू लाल कोसरे के मार्गदर्शन में अर्थशास्त्र विभाग के समस्त विद्यार्थियों द्वारा भोरमदेव सहकारी मर्यादित शक्कर कारखाना कवर्धा में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कारखाना में गन्ना पिराई उत्पादन क्षमता, शक्कर तथा गुड़ निर्माण प्रक्रिया के साथ ही वहां पर काम करने वाले श्रमिकों की आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को भोरमदेव मंदिर का दर्शन कराया गया। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. ईश्वरलाल खरे एवं सहायक अध्यापक सुरेंद्र कुमार साहू, अर्थशास्त्र एवं छात्र-छात्राओं का भी विशेष सहयोग रहा। यह भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक, मनोरंजन व प्रेरक रही।

### भोइनापार व खपरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्धेश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है।

इसके अंतर्गत रविवार 24 दिसम्बर को बालोद विकासखण्ड के ग्राम भोईनापार में सुबह 10 बजे एवं ग्राम खपरी में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बहेराभाठा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम पीपरखार ना में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चीरचार में 10 बजे एवं देवरी द में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से नोडल अधिकारी की नियुक्ति, अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण तथा आयोजन से जुड़े आवश्यक तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। श्री शर्मा ने कार्यक्रम के पूर्व तैयारी के संबंध में हितग्राहियों का चयन आदि सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने शिविरों में समुचित मात्रा में उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस सिलेण्डर का वितरण तथा आयुष्मान कार्ड आदि बनाने के साथ–साथ केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित कराने को कहा। बैठक में उन्होंने शिविरों में 'मेरी कहानी–मेरी जुबानी' तथा 'धरती करे पुकार' आदि के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बालोद जिले के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बेहतर से बेहतर हो। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अधिकारी-कर्मचारियों व अधिवक्ताओं से की चर्चा

# छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला व सत्र नयायालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने 22 दिसम्बर को जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद का निरीक्षण किया गया। न्यायमूर्ति के साथ इस दौरान छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा और डिप्टी रजिस्ट्रार कम न्यायमूर्ति के पी.पी.एस.एम.व्ही.एल.एन. सुब्रम्हण्यम भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बालोद जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव, जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष एच.एस. देशमुख व समस्त अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारीगण, कार्यकारीगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने जिला अधिवक्ता संघ बालोद के सभाकक्ष में समस्त अधिवक्तागण को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति में संबोधित किया। अधिवक्तागण भी उनसे अपना औपचारिक वार्तालाप किया। इसके पश्चात न्यायालय परिसर का सम्पूर्ण निरीक्षण किया गया और न्यायाधिपति द्वारा व्यक्त किया गया कि न्यायालय परिसर छोटा है, लेकिन सुव्यवस्थित तरीके से सम्पूर्ण कार्य संपादन संचालित किए जा रहे हैं। इस दौरान न्यायमूर्ति द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद का भी निरीक्षण किया गया है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एच.एस. देशमुख के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता ए.के. कश्यप, सुनील सोनी, टी.एल. सोनवानी, धीरज उपाध्याय और लिगल एण्ड डिफेंस काउंसिल के चीफ एस.एन. पाण्डे, डिप्टी डी.एल. चौधरी असिस्टेंटगण, प्रशासनिक अधिकारी, पी.डब्लू.डी. के अधिकारी, एस.डी.एम. तहसीलदार आदि उपस्थित थे। न्यायालय भवन के समस्त अनुभाग अभिलेखागार, कॉपिंग सेक्सन, मालखाना, कार्यालय, मिडेएशन कक्ष, नजारत अनुभाग, प्रतिलिपि, अनुभाग, किलकारी कक्ष का भी मुआयना किया गया।



**न्यायालय के नए भवन के लिए राशि स्वीकृत-** जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि नवीन न्यायालय निर्माण हेतु भूमि आबंटित हो चुका है जिसके संबंध में कलेक्टर द्वारा बताया गया है कि आबंटित भूमि में बिल्डिंग निर्माण के लिए लगभग 15.27 करोड़ रूपए स्वीकृत हो चुके हैं और निकट भविष्य में शीघ्रता से सभी न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण और कर्मचारियों के लिए न्यायालय की गरिमा के अनुसार सर्वसुविधा युक्त जिला एवं सत्र न्यायालय बिल्डिंग का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। इस दौरान परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश गिरीजा देवी मरावी, प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज दास, विशेष न्यायालय (पोक्सो) किरण कुमार जांगड़े, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्यामवती मरावी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुमन सिंह धुर्वे एवं जिला स्थापना में पदस्थ मजिस्ट्रेट कोनिका यादव, माधुरी मरकाम उपस्थित थे।

# शहीद वीर नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज खोला में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग अशोक साहू थे, अध्यक्षता भाठागांव परिक्षेत्र धनाजी राम ध्रुव अध्यक्ष ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस राजेश ठाकुर, सभापति जनपद पंचायत बिमला बालाराम कोसरे, उमाशंकर नेताम, सरपंच रेवती साहू, उपसरपंच खुमान जांगड़े, रामजी कुंजाम, एमडी कतलम, दया राम कोर्राम ने बूढ़ादेव भगवान की पूजा अर्चना कर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष साहू ने आदिवासी समाज के शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत देश में अंग्रेजो की गुलामी में लोहा लेते हुए हुआ। धुरव गोड़ समाज मेहनत, लगन, ईमानदारी के साथ काम करने वालों में से एक है। स्थानीय समाज के द्वारा कलश यात्र,गौरी गौरा शोभायात्रा, आदिवासी नृत्य एवं रात्रिकालीन जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जिर्राटोला (अंबागढ़ चौकी)की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर रवि ठाकुर,राजेंद्र कोर्राम, मिथलेश कतलम, टिकेश ओटी, शीतल कोठारी, नाथू बारले, मोहित चंद्राकर, टीकम ठाकुर, गोकुल बारले, ईश्वर चंद्राकर, ऋषभ चंद्राकर सहित धुरव गोड सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### व्याख्याता डॉ. साहसी को मिला शिक्षा रत्न सम्मान

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोडा के डॉ. बी .एल. साहसी व्याख्याता को शिक्षा रत्न 2023 मिलने पर विद्यालय परिवार किल्लेकोडा की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाय. एस. मरकाम ने कहा कि साहित्य लेखन में आपने जो योगदान दिया उसके लिए हमारा विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर अजय मुखर्जी प्राचार्य ने कहा कि आपको शिक्षक रत्न पुरस्कार मिलना हमारे विद्यालय परिवार के लिए एक गौरव का विषय है। आने वाले समय में भी आगे ऐसा ही कार्य करते रहेंगे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ अंत में सी.जी. पटेल व्याख्याता ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित है जिनमें जे.पी. बांधव व्याख्याता, हेमेंद्र साहू व्याख्याता ,घनश्याम पटेल व्याख्याता, त्रिजला ठाकुर मैडम ,ललित देवहारी श्रवण यादव तथा कुशल देवदास आदि उपस्थित थे।

## निधन

### सुरेश देशमुख



**अंडा।** ग्राम पंचायत चंदखुरी निवासी सुरेश देशमुख 44 वर्ष का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। कुछ दिनों से उनका स्वास्थ ठीक नही चल रहा था। वे रमेश कुमार देशमुख के छोटे भाई तथा सरपंच हेमलता के पति व जीत देशमुख के पिता थे। श्री देशमुख सांसद प्रतिनिधि व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ओमप्रकाश यादव



**अंडा।** ग्राम कुथरेल निवासी ओमप्रकाश (पप्पू) यादव उम्र 36 वर्ष का 22 दिसंबर को निधन हो गया। वे गंगाराम यादव के छोटे पुत्र व भारत लाल यादव के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

### नंदिता पटेल



**अंडा।** ग्राम चिंगरी बस्ती पटेलपारा निवासी कु. नंदिता पटेल 16 वर्ष का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। नंदिता मुक्तानंद पटेल की छोटी पुत्री थी। उसका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

**प्रवचन : आमापारा में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी**

# संकल्प के साथ की गई पूजा का फल उत्तम प्राप्त होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरू हमेशा अपने शिष्य के भले की ही सोचता है। प्रत्येक मनुष्य के जीवन में गुरू जरूर होना चाहिए। गुरू कभी झूठ नहीं बोलता। पूजन के पहले संकल्प जरूर करना चाहिए। संकल्प के साथ किया गया पूजन का उत्तम फल प्राप्त होता है। उक्त बातें पंडित अजय चतुर्वेदी ने नगर के आमापारा में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान प्रहलाद चरित्र एवं वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कही। पंडित अजय चतुर्वेदी ने कहा कि श्रेष्ठ पद प्राप्ति का माध्यम यज्ञ है। यज्ञ में बहुत ताकत होती है। इससे ब्रम्हाण्ड की शक्तियों को प्राप्त किया जा सकता है। यज्ञ के तीन भाग होते हैं, पहला दान, दूसरा देवपूजन एवं तीसरा संगतिकरण। दान का आशय मात्र धन दान से नहीं है, सद्विचारों का दान, शिक्षा का दान, आदर का दान, संस्कार का दान जैसे अन्य श्रेष्ठ पुण्य कार्यों का दान सम्मिलित है। पंडित अजय चतुर्वेदी ने प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा संस्कारवान, धर्मात्मा पुत्र कई कुलों को तार देता है। भक्त की भक्ति से देवताओं का क्रोध भी शांत हो जाता है, जैसे नरसिंह भगवान का क्रोध भक्त प्रहलाद की भक्ति से शांत हो गया।



**आज राम व श्री कृष्ण जन्म प्रसंग**

आमापारा शारदा कॉलोनी आम बगीचा में शारदा महिला मण्डल द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है, इसका समापन 27 दिसंबर को होगा। भागवत कथा में आज 24 दिसंबर को रामकथा प्रसंग, कृष्ण जन्म, बाललीला, नंद महोत्सव, गंगा अवतरण, गजेन्द्र मोक्ष कथा सुनाई जाएगी। भागवत कथा मे परीक्षित जागे"वरी हरदेल एवं ललित हरदेल है, परायणकर्ता पंडित अभिशेक शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

पंडित अजय चतुर्वेदी ने वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा बलि अपना सभी वैभव राज्य व स्वयं को भगवान वामन के समक्ष अर्पित कर श्रेष्ठ पद प्राप्त किए। पंडित अजय चतुर्वेदी महराज ने कहा कि देवताओं एवं राक्षसों में संधि होने पर समुद्र मंथन हुआ। समुद्र मंथन से 14 रत्न निकले। भागवत कथा में वार्ड 14 पार्षद चमेली साहू, समिति अध्यक्ष हेमबाई वर्मा, उपाध्यक्ष चमनलता यादव, सुनंदा देशमुख, जागेश्वरी हरदेल, ममता यदु, टोनेश्वरी यदु, पूर्णिमा देशमुख, तारा भेड़िया, एस नीलम के साथ पुरूशोतम देशमुख, रमेश द्विवेदी, मधुसुदन देशमुख, राकेश भेड़िया, धनेश, यूएस ठाकुर, अशोक रावत, समीर रावत, चम्पेश्वर यदु, सतीश यादव, प्रमोद शर्मा, जेपी शर्मा के साथ वार्डवासियों का सहयोग है। देशांत, गोल्डी, छोटू, लालू, नोवेल, रानू, आदित्य, सोनी, धनेश साहू की सक्रिय सहभागिता है।

# सनौद में गूंज रहा राम का नाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन में जुट रहे श्रद्धालु

ग्राम सनौद में श्री राम मानस प्रचार समिति द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 24 दिसंबर को होगा। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सनौद आशीश साहू थे। अध्यक्षता कर्मवीर सम्मान व बलीराज सम्मान प्राप्त धुरव राम चंदनमलागर ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू संघ सनौद लीलाराम सोनबेर, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति सनौद सुखदेव राम सार्वा, ग्राम पटेल सनौद केशव सोनबेर, अध्यक्ष पटेल समाज सनौद भगत पटेल, पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत सनौद रतन केकती, दुखूराम साहू, पूर्व अध्यक्ष निशाद समाज सनौद जीवन निशाद, पूर्व परिक्षेत्रिय अध्यक्ष निशाद समाज सनौद श्रवण निषाद, कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू ग्राम सनौद रामनारायण सार्वा, गुहाराम चंदनमलागर, गुलाब साहू उपस्थित थे। 24 दिसंबर को समापन समारोह मे मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सनौद अमरीत आशीश साहू रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बोहारा रेणुका कुंजेश साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत सनौद फत्तेलाल सार्वा, विशेष अतिथि अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सनौद चित्रंगद सोनबेर, अध्यक्ष ग्रामीण निशाद समाज सनौद पुखराज निषाद, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सनौद मोहन साहू, प्रेमलाल सोनबेर, सरोज साहू, वेदराम सार्वा, गीता पटेल, लक्ष्मी देवांगन, तीजबाई निषाद, हुलसी साहू, तामेश्वरी साहू, बेदबाई सोनबेर, चुनु निषाद, रामेश्वरी, डामन अठभैया उपस्थित रहेंगे।

22 दिसंबर को श्री राम आश्रय मानस मंडली सनौद व जय बजरंग मानस परिवार देवारभाट की प्रस्तुती हुई। 23 दिसंबर को जय मां सरस्वती महिला मानस मंडली सनौद, श्री राम मानस परिवार बेलरगांव सिहावा, पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, मां गायत्री मानस मंडली सारंगपुरी कोण्डागांव, जय गुरूदेव संकीर्तन मानस मंडली फिंगेश्वर गरियाबंद, श्री राम दरबार मानस परिवार चितमखार की प्रस्तुति हुई। 24 दिसंबर को शिव मानस मंडली सनौद, श्रद्धा सुमन बालिका मानस मंडली पचपेड़ी धमतरी, तुलसी मानस मंडली राजापयली खैरागढ़, राजहंस मानस परिवार सोनसायओला महासमुंद, चंचल ज्योति मानस मंडली छुही धमतरी, प्रचंड महाकाली जंगलिहा मानस परिवार कांकेर की प्रस्तुति होगी।

आयोजक समिति मे अध्यक्ष अंगलेश्वर सोनढेकवा, उपाध्यक्ष प्रेमलाल सोनबेर, सचिव मितेश सोनबेर, कोषाध्यक्ष एकनाथ सार्वा, सह सचिव सनत चटर्जी, संरक्षक लालबहादुर सोनबेर, लोचन विश्वकर्मा, चेतन गुरूपंच, जीवल लाल, फत्तेलाल सार्वा, सौखलाल, ध्रुवराम साहू, रामनारायण सार्वा, गयाराम सार्वा तथा ग्रामीणो का सहयोग है।

# अक्षत कलश की निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से आए हुए अभिमंत्रित अक्षत कलश को नगर में भव्य शोभा यात्रा के रूप में ढोल मंजीरा आतिशबाजी के साथ भ्रमण कर राम मंदिर में रखा गया। ज्ञात हो कि बालोद जिले के सभी विकासखंडों के लिए अक्षत कलश गंगा मैया झलमला मंदिर में रखा गया था, जिसे जिला टोली के द्वारा एक साथ भजन कीर्तन व पूजा अर्चना कर सौंपा गया। गुणडरदेही के उक्त अक्षय कलश को पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, साहित्यकार केशव राम साहू, सुरेश सोनी एवं शिक्षाविद कृष्ण कुमार साहू ने लेकर आए। उसके बाद धमतरी चौक में उपस्थित राम भक्तों ने पूजा आरती कर शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण कर राम मंदिर में रखे हैं। 29 दिसंबर को विकासखंड गुण्डरदेही के सभी ग्रामों के लिए अयोध्या में आयोजित रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत एवं निमंत्रण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से गोविंद साहू, श्रीकांत वर्मा, सौरभ जैन, थानसिंह मंडावी, भारत साहू, कमलेश पांडे, हेमंत साहू, मंयक जैन, सुंदर सोनकर, देवा सोनकर, मयंक अग्रवाल, थानमल जैन, तोमन साहू, दयानंद सिन्हा, दोषण साहू, पूसाराम, धर्मराज सोनकर, मनहरण लाल, स्वप्निल शर्मा, पंकज चौधरी, विक्रम, सतीश महोबिया, तेजराम साहू, केके साहू, उमाशंकर ठाकुर एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निर्मल भाव व शांत मन से सुनना चाहिए भगवत कथा : पंडित मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ ग्राम दानीटोला में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

कथा स्वच्छ निर्मल भाव, शांत मन से सुनना चाहिए। इस संसार में एक ही परमात्मा, एक ही ईश्वर है। उक्त बातें ग्राम दानीटोला में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन में कपिल चरित्र और परीक्षित जन्म कथा का रसपान कराते हुए पंडित मनोज दुबे महाराज ने कही। उन्होंने कहा मोक्ष का द्वार केवल भक्ति भाव से ही संभव है, इस संसार में जन्म और मृत्यु आने और जाने का मार्ग एक ही है। हम सभी प्राणी माया और काया में बंधे हुए हैं, इसलिए पाप, लोभ, क्रोध को छोड़कर अच्छे कर्म करना चाहिए। सबसे मिलजुल कर प्रेम व्यवहार बनाकर रहना चाहिए। क्योंकि इस संसार से हम सबको एक दिन सब छोड़कर जाना है।

पंडित दुबे ने कहा मनुष्य को कभी चिंता नहीं करना चाहिए, क्योंकि चिंता नाश का कारण बन जाता है। बल्कि हमेशा भगवान की भक्ति करने, भक्ति में डूबे रहने की चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा मनुष्य को अच्छे कर्म करना चाहिए, कर्म का फल निश्चित है। आज नहीं तो कल उसका परिणाम मिलेगा। मनुष्य को उनके कर्म के हिसाब से ही फल की प्राप्ति होती है। भगवान की कथा का रसपान करके मनुष्य भवसागर को पार कर लेता है। मनुष्य को अपने जीवन में कभी किसी भी प्रकार का ईर्षा, द्वेष, घमंड नहीं करना चाहिए। अपने ज्ञान, अपने रूपए, पैसे किसी भी चीज का घमंड नहीं करना चाहिए। यह दुनिया परिवर्तनशील है, अहंकार के कारण कब, कहां, किसके जीवन में अंधकार आ जाए पता ही नहीं चलता। इसलिए उन्होंने अपने मन को सदैव भक्ति के मार्ग पर रखने भगवान की भक्ति में लगे रहने की बात कही। भगवान की कथा का रसपान करने के लिए ग्रामीणों सहित नगरवासी व श्रद्धालु उपस्थित थे। आज रविवार को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र कथा का रसपान कराया जायेगा। भागवत कथा का आयोजन हीरामन साहू, तुलसी साहू, ईशाप्रकाश साहू, सुभद्रा साहू,नोगेश साहू, रूपेश साहू, भूपेंद्र साहू, रेणुका साहू, हिमांशु साहू एवं समस्त ग्रामवासी दानीटोला के सहयोग से किया जा रहा है।

### गारका में श्रद्धा व उल्लास से मनाई गई बाबा गुरू घासीदास जयंती

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गारका में परम पूज्य बाबा घासीदास की जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विकास भेड़िया उपस्थित थे, अध्यक्षता एल एन बघेल ने की। विशेष अतिथि अनिल लोढ़ा, धनेश बघेल, हस्तीमल सांखला ,माधव गिरी गोस्वामी, सरपंच संतोषी ठाकुर, सरोज पटेल महिला पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष, गुलाब जैन मीडिया प्रभारी, पूर्व सरपंच धनराज कोकिला, रावते जी, सांवत राम, देवेंद्र शार्वा ,भुवन सिंह, पदम ठाकुर, सीताराम गुप्ता, धनेश देशलहरा, हेमलाल देशलहरा, धनराज सिंह जोमांस, त्रिदेव देशलहरे, भूलन राम रात्रे आदि उपस्थित थे। मुख्यअतिथि की आसंदी से बोलते हुए विकास भेड़िया ने परम पूज्य बाबा घासीदास के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मांहगू दास पिता अमरावतीन माता के पुत्र बाबा घासीदास जी का जन्म देश में मानव मानव एक समान विचारधारा को बढ़ाते हुए समाज के कल्याण में आगे बढ़ते रहे।

**बिजनेस साइट**

### बाबा एग्रीकल्चर व ऑटोमोबाईल में किया गया किसानों का सम्मान

**बालोद।** शनिवार को किसान दिवस पर बाबा एग्रीकल्चर एवं ऑटोमोबाईल में किसान सम्मान समारोह एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। किसान सम्मान में उत्कृष्ट किसानों खिलेन्द्र कुमार साहू भर्रीगांव, खिलेश्वरी, टिकेन्द्र गिघोंली एवं धमेन्द्र कुमार सलामे बोहारडीह को विशेष उपहार प्रदान किया गया। इस दौरान भोजराम साहू नरबदा एवं धीरज साहू नरबदा विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में संस्थान के प्रमुख होमन लाल सिन्हा ने आधुनिक व उन्नत कृषि के संबंध में किसानो से चर्चा की। होमन सिन्हा ने किसानों को कृषि के क्षेत्र मे आ रही आधुनिक तकनीक, उपकरणों की जानकारी प्रदान की। लगातार हो रही श्रम समस्या एवं बढ़ती लागत को देखते हुए होमन सिन्हा ने आधुनिक तकनीक से कैसे कृषि कार्य को आसान बनाया जा सकता है व कृषि लागत कम की जा सकत है, इस संबंध मे चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान 3 किसानों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रैक्टर प्रदान किया गया।





### रजोली में गुरू घासीदास जयंती 25 को, मड़ई 26 को

**बालोद/कलंगपुर।** सतनाम समाज एवं समस्त ग्रामवासी रजोली के संयुक्त तत्वावधान में 25 दिसंबर सोमवार को संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। नीलकंठ बघेल ने बताया कि सुबह 11 बजे से सतनाम समाज के लोगों द्वारा बाबा गुरु घासीदास जी की शोभायात्रा एवं जैतखाम में ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र कुंवर सिंह निषाद होंगे एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर करेंगे। दूसरे दिन 26 दिसंबर को ग्राम में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। उसी दिन रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी की प्रस्तुति होगी।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाई गणितज्ञ रामानुजन की जयंती

**लाटाबोड़।** भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की 136 वीं जयंती पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में शनिवार को गणित प्रदर्शनी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने हमारे जीवन में गणित के महत्व को लेकर जानकारी दी। इसी प्रकार बताया कि गणित के डर को किस प्रकार से दूर किया जा सकता है। प्रदर्शनी में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक के सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

### ग्राम नरबदा में एक से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम नरबदा में छन्नूराम साहू एवं उनके परिवार के द्वारा 1 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 9 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कांकेर के आचार्य पंडित विनोद शर्मा कथा सुनाएंगे। परायणकर्ता जय दुबे होंगे। प्रवचन का समय सुबह 10.30 से 12.30 तक एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक है। प्रथम दिन देव स्थापना, गोकर्ण कथा होगा। 2 जनवरी को सृष्टि वर्णन कथा, हिरण्याक्ष वध होगा। 3 जनवरी को जड़ भरत चरित्र कथा होगा। 4 जनवरी को समुद्र मंथन कथा होगी। 5 जनवरी को कृष्ण जन्म कथा होगा। 6 जनवरी को रूखमणी विवाह कथा होगी। 7 जनवरी को सुदामा चरित्र, 8 जनवरी को परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, भागवत चढ़ोतरी, 9 को गीता, हवन, तर्पण, प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह आयोजन निवासी छन्नूराम साहू, नीरा बाई साहू एवं पूनमचंद साहू (पूर्व सैनिक), धनेश्वरी के द्वारा किया जा रहा है।

**अभियान : सरदार पटेल मैदान में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होंगे विविध कार्यक्रम**

# बालोद में 27 को पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का बालोद शहर में आगमन 27 दिसंबर बुधवार को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक स्थानीय सरदार पटेल मैदान में किया जाएगा। इस यात्रा में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्टप इंडिया, स्टैण्डअप इंडिया, आधार कार्ड निर्माण एवं संशोधन तथा स्वास्थ्य सेवा योजना से हितग्राहियो को लाभान्वित किया जायेगा। इस शिविर में उक्त योजनाओं में हितग्राहियो का पंजीकरण का कार्य भी किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में नगर पालिका परिषद बालोद के सभागृह में पार्षदों की एक बैठक हुई। जिसमें जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों ने पार्षदों को भारत सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओ के संबंध में जानकारी दी और उनके प्रश्नों का समाधान करते हुए पंजीयन से संबधित आवश्यक पात्रता के संबंध में अवगत भी कराया। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि इस अवसर पर शाला स्तर पर हाई स्कूल व हायर सेकण्डरी के छात्र–छात्राओं, महाविद्यालय व आईटीआई तथा ओपन समूह इस प्रकार तीन वर्गो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसके अलावा क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। जिसमें भारत सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं की पात्रता एवं अन्य संबंध में उपस्थित जनों से कार्यक्रम स्थल पर ही प्रश्न पूछे जायेंगे और जिन प्रतिभागियों द्वारा सही जवाब दिया जायेगा उन्हे स्थल पर ही पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा।

**स्वास्थ्य जांच कर दी जाएगी दवा-** शिविर के दौरान हितग्राहियों के पंजीयन के उपरांत उन्हें लाभाविन्त करने का कार्य भी किया जायेगा। इसी कड़ी में हेल्थ मैगा कैम्प भी लगाया जायेगा जिसमें विभिन्न बीमारियों के इलाज के अलावा दवाईया भी वितरण की जायेगी। स्थल पर आयुष्मान कार्ड, उज्जवला कार्ड व केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओ के कार्ड भी बनाकर हितग्राहियो को लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।




**तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारी ने ली पार्षदों की बैठक, विद्यार्थियों के लिए होंगी विविध स्पर्धाएं**

इसी प्रकार एकल डांस एवं समूह डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी तीन वर्गों में शाला स्तर पर हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी के छात्र–छात्राओं के लिए, महाविद्यालय एवं आईटीआई के लिए तथा ओपन समूह पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार 2 हजार रूपये द्वितीय पुरस्कार 1 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 500 रूपये तथा सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। समारोह स्थल पर ही पुरूस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्केनर, बारकोड भी लगाये गये है, जिसमें सेल्फी लेकर अपलोड करने पर भारत सरकार के पोर्टल पर प्रविष्ट किया जायेगा। इसके लिए उक्त दिवस को कार्यक्रम स्थल फ्री–वाईफाई जोन भी बनाया जा रहा है। इन सभी प्रतियोगिताओ में जिन प्रतिभागी का चयन होगा उसे भारत सरकार के पोर्टल में दर्ज किया जायेगा और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियो का चयन होने पर भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जावेगा। जनसुविधा के लिए फूड जोन भी बनाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन स्थल पर ही किया जायेगा और उसके लिए प्रतिभागी अपना नाम नगर पालिका में दर्ज करा सकते है।

# चीचा पहुंचा संकल्प यात्रा का रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही इन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ ग्राम पंचायत चीचा में पहुंचा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीतीश मोंटी यादव जिला पंचायत सदस्य बालोद थे, विशेष अतिथि अनिल सोनी जनपद सदस्य गुण्डरदेही के साथ ही पवन सोनवर्षा महामंत्री भाजपा मंडल अर्जुंदा, गवीन्द्र साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अर्जुंदा, देवेंद्र साहू अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अर्जुंदा, लेवन देशमुख, मुकेश साहू, इंद्र कुमार बनपेला, सरपंच लक्ष्मी नारायण गजबिए, तेजराम साहू एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उज्जवला गैस, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।




Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सीमित सीटे
पैरामेडिकल प्रशिक्षण के उपरांत 100% जॉब प्लेसमेंट की गारंटी
पैरामेडिकल सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि 1 वर्ष होगी
सरकारी नौकरी (गर्वमेंट जॉब) हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
गर्ल्स हॉस्टल एवं बॉयस हॉस्टल एवं मैस की सुविधा उपलब्ध
शैक्षणिक योग्यता 12वीं (बायो संकाय) से उत्तीर्ण होना आवश्यक
उच्च प्रशिक्षित शिक्षको एवं अनुभवी डॉक्टरो के द्वारा प्रशिक्षण
इंस्टॉलमेंट में फीस जमा करने की सुविधा उपलब्ध
➔ सेंट्रल लाईब्रेरी ➔ डिजिटल क्लास रूम
➔ एडवांस पैथोलॉजी लैब ➔ मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
➔ खेल का मैदान ➔ आप्रेन्टिसशिप
स्वयं के 180 बिस्तरो के अस्पताल में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

एस. आर. हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
एक ही छत के नीचे सभी ईलाज की सुविधाएँ उपलब्ध
तत्काल ईलाज बेहतर ईलाज किफायती ईलाज



DIALYSIS UNIT | BURN UNIT | ICU | NICU | DELUX ROOM | TRAUMA UNIT
कैशलेस ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधाएँ उपलब्ध है
- आयुष्मान भारत योजना (PMJAY-DKBSS) (राशन कार्ड द्वारा) ईलाज की सुविधाएँ उपलब्ध है
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) कार्ड द्वारा ईलाज की सुविधाएँ उपलब्ध है
- छ.ग. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के कमर्चारीगण एवं उनके परिवार के सदस्यों के ईलाज की सुविधाएँ उपलब्ध है (CGHS)
- भारतीय रेल्वे के कमर्चारीगण एवं परिवार के सदस्यों के ईलाज की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- चोला एम एस जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- एरिक्सन इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
- फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी
- यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- पैरामाउंट स्वास्थ सेवाएं टी.पी.ए.
- एस.बी.आई. जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- पार्क मेडिक्लेम इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
- एम.डी. इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी.ए.
- ईस्ट वेस्ट असिस्ट इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
- जेनिन्स इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी.ए.
- मणिपाल सिगना टी टी के हेल्थ इंश्योरेंस
- विडाल हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी.ए.
- हेरिटेज हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी. ए. प्राइवेट लिमिटेड
- निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी
- केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी
- आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- मेडि असिस्ट हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी.ए.
- मेडवाटेज हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी.ए.
- ऐको जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- टाटा ए आई जी जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- रिलाइन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस टी.पी.ए. लिमिटेड
- आयुष पे (निकुंज हैल्थकेयर टेक्नोलॉजिस प्राईवेट लिमिटेड)

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
हेल्प लाईन नं.- 6262613200 / 6262613300 / 6262613400